**GODREJ & BOYCE MFG. CO. LTD.**



# फोर्कलिफ्ट Godrej ट्रक चालकों के लिये मार्गदर्शिका

मटेरीयल हॅन्डलींग
इक्वीपमेंट डिव्हीजन
गोदरेज एण्ड बॉईस् मॅन्यु. कं. लिमीटेड

# *सभी फोर्कलिफ्ट ट्रक चालकोंके लिये आवाहन !*

प्रिय मित्रों

यह पुस्तिका खास आपके लिये बनायी गयी है ।

हम सब जानते हैं की फोर्कलिफ्ट ट्रक चलाना कोई आसान काम नही है । इसके लिये खास कार्यक्षमता और एकाग्रता की जरूरत होती है । और इसी वजह से हम सिर्फ प्रमाणीत चालकोंकोही फोर्कलिफ्ट ट्रक चलानेकी अनुमती देते है ।

आप सभी लोग सामान ढोने में सबसे अहम भुमिका निभाते हे, जो उत्पादनका सबसे महत्वपुर्ण अंग है ।

यह काम करते समय आपको और आपके साथियोंको फोर्कलिफ्टसे अपघात न होने देना आपका प्रथम कर्तब्य है ।

तो साथियों यह पुस्तीका पढे, इसमे दिये हुये नियमोंका पालन करे और अपने आपको सुरक्षितता मोहीम का एक हिस्सा बनाने की शपथ ले ।

एम. एच. ई. डिवीजन

# प्रस्तावना

बहुतसे कारखानों मे माल ढोने के लिये फोर्कलिफ्ट एक महत्वपुर्ण साधन है । आम वाहनों की तरह अच्छी कार्यक्षमता के लिये उन्हे भी समय - समय पर मरम्मत के साथ सुरक्षीततासे चलाने की भी जरुरत है । मगर आम ट्रक और मोटार गाडीयों की तरह न होने के कारण फोर्कलिफ्ट चालक खास प्रशिक्षित और प्रमाणित होना जरुरी है । फोर्कलिफ्टके अपघातकी रोकथाम करना और उससे जानमालको नुकसान न होने देना यही इस पुस्तीका का मुख्य उद्देश्य है ।

फोर्कलिफ्ट के अपघात टालने के लिये उसे अति-सुरक्षिततासे चलाना जरुरी है तथा अप्रमाणित चालक हो, तो फोर्कलिफ्ट नही चलानी चाहीये ।

इस पुस्तिका के अंतिम पन्ने पर प्रमाणित फोर्कलिफ्ट चालक के लिये पहचानपत्र दिया गया है। ऊसके उपर अपना फोटो लगाकर सुरक्षा डिपार्टमेंट का सिक्का, सुपरवायझर और प्लांट मॅनेजर के हस्ताक्षर ले ।

सभी प्रमाणित फोर्कलिफ्ट चालक यह पहचानपत्र हरसमय अपने पास रखे ।

यह पहचानपत्र अहस्तांतरनीय है ।

*All rights reserved* © *Godrej & Boyce Mfg. Co. Ltd.*

## अपनी फोर्कलिफ्ट अपनी संपत्ति है ।

फोर्कलिफ्ट एक बहुतही महंगा साधन है । अगर उसे उचित तरह से नही चलाये एवं उचित मरम्मत न करे तो चालक या औरोंकोभी अपघात हो सकता है । इसके अलावा माल और साधनोंको भी नुकसान पहुंचा सकता है ।

यह सब टालने के लिये कुछ आँखों से करने के निरिक्षण और चलाते वक्त करने के परीक्षण निचे विभाग `A' में दिये गये है । यह सभी परिक्षण आप दस मिनीट में पुरे कर सकते है, की जो आप को लंबे समय के लिये सुरक्षित और कार्यक्षम सेवा दे सकती है ।

अन्य विभागों मे फोर्कलिफ्ट सामान उठाने, रखने, सुरक्षित चलाने और फोर्कलिफ्ट सही ढंगसे खडी करने के बारेमें कुछ नियम दिये गये है ।

सुरक्षिततासे काम करने के लिये आप इस नियमों का आदर करे ।

### *फोर्कलिफ्ट अपघातोंके कारण*

- *अगर फोर्कलिफ्ट गलत ढंगसे चलाये तो वह*
  - ☐ पलटी हो सकती है,
  - ☐ लोडींग प्लॅटफार्मसे निचे गिर सकती है ।
  - ☐ साधन, आदमी या अन्य वाहनों को ठोकर लग सकती है ।
  - ☐ चालक या अन्य व्यक्ती या दुसरे साधन के उपर सामान गिर सकता है ।
- *फोर्कलिफ्ट चालक को भी अपघात होगा, अगर*
  - ☐ वह फोर्कलिफ्टपर या फोर्कलिफ्टसे कुदने की कोशीश करे ।
  - ☐ शरीर का कोईभी अंग फोर्कलिफ्ट चलाते वक्त बाहर निकाले ।
  - ☐ चलाने के असुरक्षित तरीके अपनानेसे ।

## A फोर्कलिफ्ट चलाने के पहले करनेके निरीक्षण

- इंधन का स्तर ।
- ईंजन ऑईल का स्तर ।
- रेडिएटर में पानी का स्तर ।
- हैड्रोलीक टाकी में, हैड्रोलीक तेल का स्तर ।
- ब्रेक तेल का स्तर ।
- ट्रान्समिशन तेल का स्तर । (इंजन धीमी गती से चलते समय)
- इंजन तेल का दाब ।
- हावर मिटर की स्थिती ।





- चक्के की स्थिती और इनके नट्स
- काउन्टरवेटका नट
- पार्किंग ब्रेक की स्थिती
- ड्रायव्हर को सुरक्षित (DOG) रखने के लिए दिया गार्ड और वजन पिछे न गिरे (LBR) इसलिए दिया गया गार्डस् की स्थिती ।

## B फोर्कलिफ्ट चलाते वक्त करने के निरीक्षण

- ब्रेक चेक करे । (पेडल की चाल)
- हॉर्न को भी चेक करे ।
- हेडलाईट, रिव्हर्स लाईट, रिव्हर्स हॉर्न चेक करे ।
- अपराईट और फोर्क का कार्य चेक करे ।
- अटॅचमेंट हो तो उसकी चाल ।
- रेडिएटर के पानी के तापमानपर ध्यान रखे ।
- स्टिअरींग का कार्य चेक करे ।
- फोर्कलिफ्ट की "सुरक्षिततासे भार उठाने की क्षमता" (S.W.L.) जान ले । सामान उठाने से पहले उसका वजन और आकार जान ले ।



- अगर आपको फोर्कलिफ्टमेंसे तेल या इंधन का रिसाव दिखे या अतिप्रमाण मे काला धुँआ निकले तो मेंटेनन्स डिपार्टमेंट को तुरंत जानकारी दे और फोर्कलिफ्टके ऊपर न चलाने की सुचना लगाये ।

## C सामान उठाते और रखने के वक्त

- किसी भी व्यक्तीको पास में खडा न रहने दे ।
- सामान ढोते समय उपरी साधनों का ध्यान रखे ।
- किसी भी स्थिती में फोर्क के उपर किसी व्यक्ती को लेकर फोर्कलिफ्ट चलाना मना है ।






- अगर बहुत जरुरी हो तो व्यक्तीको उठाने के लिये रेलिंगवाले पॅलेट का उपयोग करे ।



- ट्रक मे सामान भरने के पहले आगे के चक्के को स्टॉपर लगाये ।
- अपराईटसे खुद को और दुसरोंको भी दुर रखे । यदी आप काफी नगोंका वजन ढो रहे हो ।



● असंतुलित सामान को न उठाये ।






● एक समय में एकही भार उठाये ।


● काउंटर वेट पे वजन रखकर ज्यादा भार न उठाये । भार को विभाजीत करें ।



● भार संतुलीत रखने के लिये फोर्क में उचित अंतर रखें ।




## D फोर्कलिफ्ट सुरक्षितता से चलाने के नियम :



फोर्कलिफ्ट को रेसिंग कार न समझे ।

- फोर्कलिफ्ट ऐसे गति से चलाये की, हम उसे जब चाहे तब तुरंत रोक सकते है ।
- किसी भी मोड पर फोर्कलिफ्ट धिमी गति से चलाये ।




- फोर्कलिफ्ट चलाते समय फोर्क पे रखे भार को उपर निचे न करे ।
- फोर्क योग्य उंचाई पे रखे ताकी वह कोई भी अवरोध को सुरक्षासे पार कर सके।
- फोर्कलिफ्ट को झटके से शुरू या बंद न करे ।



- फोर्कलिफ्ट सिधी चलाते समय झटसे रिव्हर्स गिअर में न डाले ।

- फोर्कलिफ्ट मोडते समय पिछले हिस्से के उपर ध्यान रखे । स्टीअरींग व्हिल पिछे होने के कारण फोर्कलिफ्ट का पिछला हिस्सा घुमता है और उसके लिये ज्यादा जगह की जरूरत होती है ।



- खाली फोर्कलिफ्ट (बिनाभार की) चलाते समय ज्यादा सतर्क रहिये ।

  भरी हुयी फोर्कलिफ्टसे खाली फोर्कलिफ्ट ज्यादा असंतुलित होती है । काउंटरवेट की रचना से भरी हुयी फोर्कलिफ्ट सुसंतुलित होती है ।



- फोर्कलिफ्ट रोकने के लिये रिव्हर्स गिअर का इस्तेमाल न करे ।

- ब्रेक पैडलपे पैर रखके फोर्कलिफ्ट न चलाये ।

- भार को उपर उठाकर फोर्कलिफ्ट न चलाये क्योंकी इससे फोर्कलिफ्ट असंतुलित होती है ।



- फोर्कलिफ्ट ट्रक आगे दिशामें चलाते समय ब्रेकींग या बंद स्थिती में लाने के लिए रीवर्स में मत डालिए इससे ट्रान्समिशन को बडा नुकसान हो सकता है ।

- फोर्कलिफ्ट मरम्मत की जरुरत हो, तो उसपर टॅग लगाकर रखे ।

**FORKLIFT UNDER MAINTENANCE "DO NOT DRIVE"**

- फोर्कलिफ्ट चलाते समय आपके सहयोगी कर्मचारी, आपकी मशीनरी एवं माल का आदर किजीये ।

- ड्रायव्हर के अलावा किसीभी व्यक्ति को फोर्कलिफ्ट पर बिठाना सख्त मना है।



- आपकी फोर्कलिफ्ट के आसपास चलनेवाले सहयोगीयों पर ध्यान रखे ।


- आप आगे न देख पाये तो फोर्कलिफ्ट रिव्हर्स में चलाये ।




- फोर्कलिफ्ट हमेशा बायी तरफसे चलाये ।

- हॉर्न का सही समय पर ही उपयोग करे ।


- अंधे मोडपर गाडी रोककर हॉर्न बजाये और आईने का इस्तेमाल करे ।





- दो चलती हुई फोर्कलिफ्ट के बिच सुरक्षित काम करने की दूरी रखे ।



- गिली और फिसलन वाली सडक पे फोर्कलिफ्ट धीमी चलाये ।




**ढलान पर**



भार ले जाते या आते समय फोर्कलिफ्ट का मुँह हमेशा चढ़ावकी तरफ रखे । फोर्कलिफ्ट खाली हो, तो हमेशा फोर्कलिफ्ट का मुँह उतरन की तरफ रखे ।



- ढलान पर कभी भी फोर्कलिफ्ट न्युट्रल गियर में न चलाये ।
- फोर्कलिफ्ट चलाते समय शरीरका कोईभी अंग बाहर न निकाले ।



- हमेशा ड्रायव्हींगपर जादा ध्यान दे । दिन में सपना देखना अपघात को निमंत्रण देता है ।



- प्लॅटफॉर्मपर काम करते समय किनारे पर स्टॉपर होना जरूरी है ।
- ज्वलनशील और विस्फोटक पदार्थ रखी हुयी जगह में सुरक्षित साधनो के बिना फोर्कलिफ्ट चलाना सख्त मना है ।

## E फोर्कलिफ्ट पार्किंग करने के नियम

- फोर्क जमिनपर रखे, न्युट्रल गिअर मे लाये, इंजिन बंद करे और हॅंडब्रेक लगाये ।
- फोर्कलिफ्ट को कभी भी आपातकालीन दरवाजा,अग्निशमन साधनो के सामने या बिच रास्ते मे खडी न करे ।




- फोर्कलिफ्ट को हमेशा ट्राफिकसे दुर समतल जगह पर पार्क करे ।



- फोर्कलिफ्ट के सभी अपघात की जानकारी अपने सुपरवाइजर को दे, जिससे हम उसे दोहोरानेसे रोक सके ।

- फोर्कलिफ्ट ट्रक को सही स्थिती में रखने के लिए इसका हररोज रखरखाव करना जरुरी है । और उसकी नोंद रखनी भी जरुरी है । जैसे की -

१) हररोज की चेकलिस्ट ।

२) निर्देशित काल में किया जाने वाला रखरखाव ।

३) गाडी बंद होने पर उसको ठीक करने के लिए किया गया रखरखाव ।

४) अगला रखरखाव कब करना है ।

५) फोर्कलिफ्ट ट्रक को स्वच्छ रखिए । जैसे की यदी कोई रिसाव हो तो जल्दी आपके समझ में आए ।

- दिवार तोडने के लिये या पेडसे नारियल निकालने के लिये फोर्कलिफ्ट का प्रयोग न करे ।
- फोर्कलिफ्ट ट्रक के उपर "सुरक्षिततासे भार उठाने की क्षमता"(S.W.L.) लिखना जरूरी है ।








- फोर्कलिफ्ट ट्रक से अलग अलग स्थिती में भार उठाने की क्षमता के विवरण प्लेटको ढंगसे प्रदर्शित करे ।
- दो फोर्कलिफ्ट ट्रक एकही काम साथमे करती हो, तो ऐसे काम मे सही तालमेल के लिये अनुभवी व्यक्तीका नियंत्रण होना जरूरी है ।

# एल. पी. जी. की टंकी को बदलना एवं भरना ।

टंकी को बदलना एक आसान सा काम लगता है, लेकीन इसके लिए सुरक्षा के कुछ मुख्य तरीके अपनाने पडते है । एल. पी. जी. की टंकी को बदलते समय इन साधारण नियमों का पालन अवश्य करें ।

- एल. पी. जी. की टंकी का बहाव बंद करे व इंजिन को बंद होने तक चलाएँ । अब चाबी द्वारा करंट को बंद करे ।
- टंकी को सिर्फ खुले स्थान पर ही बदले । किसी भी प्रकार की चिनगारी पैदा करने वाले काम जैसे कि धुम्रपान करना, किसी इंजिन का चलना या स्टार्ट करना इत्यादी की अनुमति न दें ।
- कपलिंग - टंकी व उससे जुडी लाइनों को चेक करें । ध्यान रखें कि कपलिंग सील व ओ - रिंग अपने स्थान पर है व उसे कोई क्षति नहीं पहुँची है ।
- टंकी को गिरने से या किसी प्रकार की क्षति होने से रोके । टंकी की मांउटिंग व उनके लॉक ठिक व्यवस्था में है, इसका ध्यान रखें ।
- फोर्कलिफ्ट का इंधन लीक होते समय, उसे स्टार्ट करने का प्रयास कभी न करें । इससे आग लगकर धमाका हो सकता है ।



# पर्यावरण

प्राकृतिक साधन जैसे कि पानी, ईंधन, तेल इत्यादी का उपयोग प्रयाप्त मात्रा में नीचे दिए गए तरीकों से करे :

- सिर्फ उपयोगी मात्रा में ही लें ।
- रिसाव, उच्छाल व टूटने से रोकें।
- वेस्टेज का संकेत मिलते ही उसकी सूचना दें और उसे भविष्य में रोकने के तरीके अपनाएँ ।
- कुडे को पर्यावरण से संबंधित तरीके से नष्ट करें जैसे कि उपयोग किया तेल, बैटरी, टायर इत्यादी । इनसे वातावरण को भारी क्षति पहुँच सकती है ।
- किसी संकुचे स्थान पर फोर्कलिफ्ट ट्रक के धुएँ से उत्पन्न हुई कार्बन-मोनो-ऑक्साइड गैस की मात्रा, दि गई अधिकत्म सीमा से नहीं बढनी चाहिए । इसके लिए अपने फोर्कलिफ्ट का रखरखाव हमेशा करवाते रहे ।

# NOTES

**SR. NO. :**

**AUTHORISED FORKLIFT DRIVER**

**Paste Photograph here**

NAME : ____________________

TOKEN NO : ____________ GRADE : ____________

CODE NO : ______________ PLANT NO : _______

DEPARTMENT : ____________________

LICENCE NO : ______________

| LMV | HGV | HPV |
|---|---|---|

VALID UPTO : ______________

F. L. T. TRAINING COMPLETED : ON DATE_______

REFRESHER COURSE DUE ON DATE__________

**SUPERVISOR** **PLANT MANAGER**

**Designed By :** Shaleens Computer Centre Ph. : 55969151/52 • Visit www.safetyonly.com